अमर उजाला
बुधवार, 21 जून 2006

पत्नी से तंग युवक ने जीवनलीला समाप्त की

सुसाइड नोट में पत्नी और ससुराल वालों की प्रताड़ना का जिक्र
पति-पत्नी के बीच खर्चे को लेकर विवाद, कई बार कहासुनी
मायके में रहती थी पत्नी, लिवाने के लिए पहुंचा तो पिटाई की

अमर उजाला ब्यूरो

बुजुर्ग अधिवक्ता के फांसी लगाने की घटना को अभी चौबीस घंटे ही बीते थे कि सोमवार रात नोएडा सेक्टर24 थाना क्षेत्र स्थित चौड़ा गांव में 24 वर्षीय युवक ने पत्नी और ससुराल वालों की प्रताड़ना से तंग आकर फांसी लगा ली। वह देर रात मोहल्ले में आयोजित एक शादी समारोह से लौटा था।घटना की जानकारी परिजनों को तब लगी जब वे सुबह उसे जगाने कमरे में पहुंचे। कमरे का दरवाजा अंदर से बंद था। बहन के काफी देर तक आवाज देने के बाद भी दरवाजा न खुलने पर उसने खिड़की से झांक कर देखा, तो उसके पैरों तले जमीन खिसक गई। उसके भाई का शरीर छत में लगे हुक में रस्सी के सहारे लटक रहा था। उसने शोर मचाकर अन्य परिवार वालों को बुलाया। परिवार वालों ने तत्काल इसकी सूचना पुलिस को दी।

पुलिस ने शव को हुक से नीचे उतारा। पुलिस को कमरे की तलाशी में एक सुसाइड नोट मिला। जिसमें उसने लिखा था कि वह अपनी मर्जी से आत्महत्या कर रहा है उसमें उसके परिवार वालों का कोई दोष नहीं है। लेकिन उसने सुसाइड पत्र में अपनी पत्नी आशा, ससुर चमन लाल और अपने सालों द्वारा की जा रही प्रताड़ना का पूरा सिजरा लिखा था।

ब्रह्म सिंह अपने परिवार के साथ सेक्टर24 थाना क्षेत्र के चौड़ा गांव में रहता था। चार वर्ष पूर्व उसने बेटे रविंद्र की शादी दिल्ली ओखला टैंक में कार्यरत चमन लाल के पुत्री आशा के साथ कर दी।

शादी के कुछ ही दिन बीते थे कि दोनों में खर्चे को लेकर विवाद शुरू हो गया। इसी को लेकर दोनों में कई बार कहासुनी हुई, लेकिन परिवार वालों ने बीचबचाव कर दोनों को शांत कर दिया। लड़के के पास पैसे की तंगी देखकर उसके पिता ने पड़ोस में ही चार मंजिला मकान बनवाकर किराये पर उठा दिया। वह किराया दोनों बेटों में बांट देता था।

इधर रविंद्र ने नजदीक ही एक प्राइवेट प्रिंटिंग प्रेस में नौकरी कर ली। शादी के चार साल बाद अचानक रविंद्र का साला ससुराल में शादी का बहाना बताकर उसकी पत्नी आशा को दिल्ली ले गया। शादी के बाद जब वह उसे लेने गया तो ससुराल वालों ने भेजने से इनकार कर दिया। कारण पूछने पर ससुराल वालों ने मिलकर उसकी जबरदस्त पिटाई कर दी।

यही नहीं उसकी पत्नी ने दिल्ली लाजपत नगर महिला आयोग में दहेज उत्पीड़न का मामला दर्ज कर दिया और प्रॉपर्टी व कमाई में आधे हिस्से की मांग करने लगी। महिला आयोग की ओर से मई 2006 से कई नोटिस आए और हर बार रविंद्र दिल्ली महिला आयोग के सामने पेश भी हुआ जिससे वह मानसिक रूप से बुरी तरह परेशान रहने लगा।

बीती रात वह मोहल्ले में ही बुद्ध सिंह के यहां आयोजित शादी समारोह में गया और देर रात लौटने के बाद वह मकान के तीसरे मंजिल के एक कमरे में सोने चला गया। सुबह जब तक लोग सोकर उठते उसने फांसी लगाकर अपनी इहलीला समाप्त कर ली। पुलिस ने मामला दर्ज कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस के अनुसार मामले की विवेचना की जा रही है। अभी मृतक के ससुराल वालों से बात नहीं हो पाई है।